# मुआवजा मिलने पर ही खाली करेंगे दुकान और मकान

**बैठक**

24 नवंबर को प्रभावितों की बैठक

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। चारधाम परियोजना संघर्ष समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि जब तक सरकार प्रभावित व्यवसायियों व भवन स्वामियों को मुआवजा और उनके रोजगार के लिए मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण नहीं कर देती, तब तक भवनों पर हाथ नहीं लगाने दिया जाएगा। इसके साथ ही समिति ने निर्णय लिया है कि 24 नवंबर को रुद्रप्रयाग में एक बैठक आहूत की जाएगी, जिसमें जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को बुलाया जाएगा।

बद्री–केदार मंदिर समिति में आयोजित चारधाम परियोजना संघर्ष समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मोहित डिमरी ने कहा कि अधिकतर व्यापारी लोन लेकर अपना रोजगार चला रहे हैं। आज उनके सामने बहुत बड़ा संकट खड़ा हो गया है। उनके सामने अपने परिवार के भरण–पोषण और सिर छुपाने के लिए छत की चिंता है। उन्होंने कहा कि पूर्वजों ने बद्रीनाथ और केदारनाथ की यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा की है और आज उनके वंशजों को खदेड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुआवजा मिले बिना कोई भी दुकान–मकान खाली नहीं होगा। व्यापारी लक्ष्मण भंडारी, जोत सिंह बिष्ट ने कहा कि सरकार ने जोर–जबर्दस्ती की तो इसका विरोध किया जाएगा।

व्यापारियों और भवन स्वामियों के हक की लड़ाई जारी रहेगी। सह कोषाध्यक्ष कृष्णानंद डिमरी, केपी ढोंडियाल ने कहा कि 24 नवंबर को सभी प्रभावित बैठक करेंगे। जिसमें सांसद, दोनों स्थानीय विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, जिलाधिकारी, एसडीएम को भी निमंत्रण दिया जाएगा। इस मौके पर व्यापार संघ अध्यक्ष कांता नौटियाल, कोषाध्यक्ष बुद्धिबल्लभ ममगाई, रामलाल चौधरी, मगनानंद भट्ट, देवेंद्र सिंह कप्रवान, प्रेम बल्लभ, लक्ष्मण भंडारी, मनवर सिंह, राजकिशोर कुंवर, हिमपाल सिंह भंडारी, रामानंद नौटियाल, महेंद्र सिंह कठैत, दर्शन सिंह, बादल रावत समेत कई व्यापारी मौजूद थे।



चारधाम परियोजना संघर्ष समिति की बैठक में उपस्थित व्यापारी।



**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


## रोजगार मेले का आयोजन 23 को

**(संवाददाता)** अल्मोड़ा। क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी वाईएस रावत ने बताया कि दिनॉक 23 नवम्बर को क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, अल्मोड़ा में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभिन्न कम्पनियों द्वारा 388 पदो के लिए अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी दिनॉक 23 नवम्बर, 2019 तक किसी भी कार्य दिवस में अपना नाम मॉडल कैरियर सेन्टर, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में अंकित करवा सकते है अथवा मेले में प्रतिभाग करने के लिए भारत सरकार की वेबसाइट में भी अपना पंजीयन करवा सकते है। साक्षात्कार दिनॉक 23 नवम्बर, 2019 को प्रातः 10:00 बजे से आरम्भ होगें। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से अपने साथ अपने समस्त शैक्षिक योग्यता के मूल प्रमाण–पत्र उनकी छायाप्रति, पासपोर्ट फोटो एवं आईडी प्रुफ लाना सुनिश्चित करेंगे।

**जांच अधिकारी नामितः** अल्मोड़ा। जिला मजिस्ट्रेट नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि दिनॉक 09 नवम्बर, 2019 को रात्रि लगभग 11:30 बजे तहसील रानीखेत अन्तर्गत स्थान ग्राम कुंवाली तहसील रानीखेत में वाहन स00 यू0के0–01टी0ए0–2300 (बोलेरो) दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना के समय वाहन में ड्राईवर सहित 06 यात्री सवार थे। वाहन दुर्घटना में सभी 06 सवार लोगों को गम्भीर चोटें आयी है।

## विदेशी सैलानियों के दल ने स्वामी चिदानन्द सरस्वती से की मुलाकात

**संवाददाता**

ऋषिकेश। विश्व के अनेक देशों से आये सैलानियों के दल ने परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, इटली, ब्राजील सहित विश्व के अनेक देशों से आये दल के सदस्य परमार्थ निकेतन में रहकर योग, ध्यान, प्राणायाम, भारतीय संगीत और दर्शन को आत्मसात कर रहे है।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर सभी पत्रकार बंधुओं और भगिनियों को हार्दिक शुभकामनायें देते हुये कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चतुर्थ स्तंभ है, पूरे देश की जनता के साथ संप्रेषण का सबसे बेहतर माध्यम और लोकतंत्र की बुनियाद भी है। मीडिया एक समय मे एक साथ पूरे देश के मानस पटल पर अपना प्रभाव और अपनी उपस्थिति छोड़ सकता है तथा जनता के मुद्दों के प्रस्तुतिकरण का सबसे उपयुक्त साधन है अतः मेरा मानना है कि मीडिया सत्य को प्रस्तुत करे, सकारात्मकता बनायें रखे साथ जी प्रकृति और पर्यावरण के प्रति जनता को जागरूक करते रहे। चर्चा के दौरान स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी महाराज ने कहा कि योग, आयुर्वेद, ध्यान एवं भारतीय संस्कृति को आत्मसात करने के साथ यहां से पर्यावरण और नदियों के संरक्षण का संदेश लेकर जायें। मानसिक स्वास्थ्य के लिये योग अत्यंत महत्वपूर्ण है। पतंजलि योग सूत्र कहता है कि 'योगः चित्तवृति निरोधः' तथा भगवद्गीता में कहा गया है कि 'समत्वम् योगमुच्यते'। सामान्य अर्थों में योग का तात्पर्य मेल से है तथा विचारों और कार्यो के बीच संतुलन, तन और मन के बीच समावेशी दृष्टिकोण के साथ ऊर्जा के उपयोग का माध्यम।

स्वामी जी ने उन्हें पर्यावरण एवं नदियों के संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने के लिये प्रेरित किया और कहा कि वैश्विक स्तर पर घटता भूजल स्तर और प्रदूषित होती प्राणवायु ऑक्सीजन के लिये मिलकर कार्य करने की जरूरत है। योग जीवन पद्धति है तथा जल और वायु जीवन है। वर्तमान समय में प्रदूषित होती वायु और घटता जल स्तर भविष्य में जीवन पर आने वाले संकट का संदेश दे रहा है इसलिये अपनी अपनी सामर्थ्य एवं तकनीकी के आधार पर इस दिशा में कार्य करे।

मीडिया लोकतंत्र का चतुर्थ स्तंभ हैः स्वामी चिदानन्द सरस्वती

## न्यूज डायरी

### हेमकुंड साहिब के कपाट बंद होने के बाद हुई पहली बर्फबारी

**(संवाददाता)** देहरादून। कपाट बंद होने के बार आज तड़के हेमकुंड साहिब में बर्फबारी हुई। जिससे यहां दो फिट तक बर्फ जमा हो गई है। वहीं देहरादून में धूप खिली हुई है। रुद्रप्रयाग के केदारनाथ तक मौसम सुहावना हो गया है। यहां धूप खिली है। चमोली में भी चटख धूप खिली है। यमुनोत्री घाटी में बादलों के बीच हल्की धूप आ–जा रही है। प्रदेश के चार जिलों में आज भी हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग ने अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश और बर्फबारी का अनुमान जताया है। मौसम केंद्र की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है। 3500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फ गिरने का भी अनुमान है।

### डॉ संध्या शर्मा को महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी

**(संवाददाता)** हरिद्वार। नगर की प्रख्यात चिकित्सक डॉ संध्या शर्मा को सर्व ब्राह्मण महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने महासचिव पद पर नियुक्ति की है। डॉ संध्या शर्मा को महासचिव की जिम्मेदारी देते हुए समाज मे युवाओं ,युवतियों ,महिलाओं में सामाजिक ,आर्थिक व सांस्कृतिक रूप से जागरूक करते हुए एकता के साथ संगठन को मजबूत करने की अपेक्षा की है। डॉ संध्या शर्मा को महासचिव नियुक्त करने पर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र पाराशर हर्ष व्यक्त किया है।उन्होंने कहा डॉ संध्या शर्मा चिकित्सा के साथ समाज सेवा से भी जुड़ी हैं। उन्हें विश्वास है वह संगठन को मजबूत करेंगीं।

### लालकुऑ में बहुउददेशीय विधिक साक्षरता शिविर 25 नवंबर को

**(संवाददाता)** नैनीताल। राजकीय इन्टर कालेज लालकुआं में प्रात 11:30 सोमवार से राजकीय इण्टर कॉलेज लालकुऑ में बहुउददेशीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुये सिविल जज सी.डि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इमरान मौ0 खान ने बताया कि इस बहुउददेशीय शिविर में कानूनी जानकारी के साथ ही चिकित्सा विभाग द्वारा जनमानस हेतु निःशुल्क चिकित्सकीय परीक्षण किया जाएगा तथा दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी जारी किए जायेंगे। पुलिस, शिक्षा, राजस्व, कृषि एवं वन आदि विभागों द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।



## राठ विकास प्राधिकरण के कार्यकारिणी गठन की पुनर्संरचना पर हुआ मंथन

**(संवाददाता)** देहरादून। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ0 धन सिंह रावत ने विधान सभा स्थित सभाकक्ष संख्या–120 में राठ विकास प्राधिकरण से संबंधित बैठक ली। सोसाइटी एक्ट के अन्तर्गत बनायी गई 2015 में गठित राठ विकास प्राधिकरण का उद्देश्य पौड़ी जनपद में थलीसैंण, पावौं, खिर्सू एवं बीरोंखाल का विकास करना है। इसके मुख्य एजेण्डा में कृषकों के आय दोगुनी करना एवं युवाआं को डेयरी जैसे स्वरोजगार कार्यक्रम से जोड़कर रोजगार प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त मौन पालन की ट्रेनिंग देना, आलू एवं सेब उत्पादन में वृद्धि करना तथा स्वयं सहायता समूह एवं महिला समूह का गठन कर आजीविका सृजन के कार्य करना है। राठ विकास प्राधिकरण का मुख्यालय थलीसैंण ब्लाक होगा। बैठक में राठ विकास प्राधिकरण के कार्यकारिणी गठन की पुनर्संरचना पर विचार किया गया। राठ विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मुख्यमंत्री, उपाध्यक्ष सहकारिता मंत्री एवं स्थानीय विधायक सहित अन्य सदस्य होंगे।

## रुड़की में सिपाही पर ट्रैक्टर चढ़ाकर गोकशी का आरोपी फरार

**(संवाददाता)** रूड़की। कोर्ट में पेश होने के बाद रुड़की जेल लौटते समय रास्ते में दो सिपाहियों पर ट्रैक्टर चढ़ाकर गोकशी का आरोपी फरार हो गया। एक सिपाही ने भागकर जान बचाई जबकि आरोपी ने एक सिपाही को ट्रैक्टर से कुचल दिया। इससे वह गंभीर घायल हो गया। सूचना मिलते ही लंढौरा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और सिपाही को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। यहां सिपाही की हालत नाजुक देख हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही लक्सर, मंगलौर और रुड़की के सीओ भारी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। पुलिस ने आरोपी की तलाश में कई जगह दबिश दी। साथ ही आरोपी के परिजनों से पूछताछ कर रही है। लक्सर पुलिस ने 25 अक्तूबर को क्षेत्र में गोकशी का मामला पकड़ा था। पुलिस ने मामले में जौरासी निवासी शहजान पुत्र जीशान समेत दो के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था। तभी से आरोपी शहजान फरार चल रहा था। बृहस्पतिवार रात पुलिस ने गांव में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया था। शुक्रवार सुबह पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया।